**NEWS CLIPPING: 30.03.2018**

**DAINIK BHASKAR**

# ऑल इंडिया ओपन स्पोर्ट्स फेस्ट में वाईएमसीए विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

भास्कर न्यूज़|फरीदाबाद



फरीदाबाद. ऑल इंडिया ओपन स्पोर्ट्स फेस्ट में वाईएमसीए विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने जीते मेडल।

ऑल इंडिया ओपन स्पोर्ट्स फेस्ट में वाईएमसीए यूनिवर्सिटी ने 5 गोल्ड, 3 सिल्वर एक रजत पदक जीते। छात्रा सुदेश सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित की गई। नेताजी सुभाष स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जसौला दिल्ली में 22 से 23 मार्च तक आयोजित स्पोर्ट्स फेस्ट में देशभर से आए कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खेल अधिकारी डॉ राजेश भारद्वाज ने बताया कि दिल्ली के जसौला स्थित नेताजी सुभाष स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जसौला में 22 से 23 मार्च तक ऑल इंडिया ओपन स्पोर्ट्स फेस्ट-2018 का आयोजन एशियन एजुकेशन ग्रुप (एईजी) द्वारा किया गया। डॉ. भारद्वाज ने बताया कि कबड्डी कोच कुसुम भाटी, कोच दीपक के मार्गदर्शन में वाईएमसीए विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी टीम ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं 100 मीटर दौड़ में गोल्ड, शॉर्टपुट में गोल्ड और सिल्वर मेडल, टेबल टेनिस में गोल्ड और सिल्वर मेडल हासिल किया। विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ी सुदेश को खेल फेस्ट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इसके अलावा विजेता खिलाड़ियों में चंचल, प्रीती, सुदेश, दिव्या शर्मा, नीलम सुषमा,नेहा, अंजलि, राखी, चेतन, प्रशांत, उमेश का शानदार प्रदर्शन रहा।

**NEWS CLIPPING: 30.03.2018**

**PUNJAB KESARI**

# ऑल इंडिया ओपन स्पोर्ट्स फेस्ट में वाईएमसीए के खिलाड़ियों का दबदबा

**फरीदाबाद,** राकेश देव ब्यूरो चीफ (पंजाब केसरी): ऑल ओपन स्पोर्ट्स फेस्ट में वाईएमसीए यूनिवर्सिटी ने 5 गोल्ड, 3 सिल्वर एक रजत पदक जीते और छात्रा सुदेश सर्वश्रेष्ठ खिलाडी घोषित की गई। नेताजी सुभाष स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जसौला दिल्ली में 22 से 23 मार्च तक आयोजित स्पोर्ट्स फेस्ट में देशभर से आए कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी के हजारों खिलाडियों ने भाग लिया। मैडल एवं ट्राफी लेकर विश्वविद्यालय पहुंचे विजेता खिलाड़ियों को कुलपति प्रो दिनेश कुमार एवं कुलसचिव डॉ संजय शर्मा और डीएसडब्लू डीन डॉ नरेश चौहान, कॉऑर्डिनेटर डॉ शैलेन्द्र गुप्ता ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद के खेल अधिकारी डॉ राजेश भारद्वाज ने बताया कि दिल्ली के जसौला स्थित नेताजी सुभाष स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जसौला में 22 से 23 मार्च तक ऑल इंडिया ओपन स्पोर्ट्स फेस्ट-2018 का आयोजन एशियन एजुकेशन ग्रुप (श्र्) द्वारा किया गया। डॉ भारद्वाज ने बताया कि कबड्डी कोच कुसुम भाटी, कोच दीपक के मार्गदर्शन में वाईएमसीए विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी टीम ने गोल्ड मैडल जीता, 100 मीटर दौड़ में गोल्ड, शॉर्टपुट में गोल्ड और सिल्वर मैडल, ऊँची कूद में गोल्ड, टेबल टेनिस में गोल्ड और सिल्वर, सिल्वर और ब्रॉज मैडल के साथ 5 गोल्ड, 3 सिल्वर एक रजत जीत कर वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद का नाम रोशन किया। इसमें विश्वविद्यालय की महिला खिलाडी सुदेश को खेल फेस्ट का सर्वश्रेष्ठ खिलाडी बनी। इसके आलावा विजेता खिलाड़ियों में चंचल, प्रीती, सुदेश , दिव्या शर्मा, नीलम सुषमा, नेहा, अंजलि, राखी, चेतन, प्रशांत, उमेश का उत्कर्ष प्रदर्शन रहा।



सम्मानित हुए विजेता खिलाड़ी। (छाया: राकेश देव)

**NEWS CLIPPING: 30.03.2018**

**DAINIK JAGRAN**

# ऑल इंडिया ओपन स्पोर्ट्स फेस्ट में आठ पदक जीते

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद :** दिल्ली के जसोला स्थित नेताजी सुभाष स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में संपन्न हुए ऑल इंडिया ओपन स्पोर्ट्स फेस्ट में वाईएमसीए विश्विद्यालय के विद्यार्थियों ने पांच स्वर्ण और तीन रजत पदक जीते हैं। इसके अलावा छात्रा सुदेश को प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। बृहस्पतिवार को विजेता खिलाड़ियों के यूनिवर्सिटी पहुंचने में कुलपति दिनेश कुमार व अन्य ने स्वागत किया।

डॉ.राजेश भारद्वाज ने बताया कि कबड्डी कोच कुसुम भाटी और दीपक के मार्गदर्शन में वाईएमसीए विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी टीम ने स्वर्ण पदक जीता है।

वहीं 100 मीटर दौड़, ऊंची कूद में स्वर्ण और टेबल टेनिस में स्वर्ण व दो रजत पदक हासिल किया है। इसके अलावा विद्यार्थियों ने शॉर्टपुट में भी एक स्वर्ण और रजत पदक जीते। विजेता खिलाड़ियों में चंचल, प्रीती, दिव्या शर्मा, नीलम, सुषमा, नेहा, अंजलि, राखी, चेतन, प्रशांत, उमेश का उत्कर्ष प्रदर्शन रहा। इस दौरान कुलसचिव डॉ. संजय शर्मा, डीएसडब्ल्यू डीन डॉ.नरेश चौहान, कोऑर्डिनेटर शैलेंद्र गुप्ता ने भी विजेताओं को शुभकामनाएं दी।



ऑल इंडिया ओपन स्पोर्ट्स फेस्ट में जीतकर लौटे विद्यार्थी ट्रॉफियां दिखाते हुए • जागरण

**NEWS CLIPPING: 30.03.2018**

**DAINIK JAGRAN**

# लघु उद्योगों की जरूरतों को पूरा करें शिक्षण संस्थान



पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व राज नेहरू ● जागरण

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद :** वाइएमसीए विश्वविद्यालय द्वारा तेजी से बदलते समय के लिए तैयारी विषय को लेकर एमएसएमई कॉन्क्लेव-2018 का आयोजन किया गया। कॉन्क्लेव में विद्यार्थियों को स्टॉर्ट अप तथा नए बिजनेस आइडिया पर काम करने के लिए प्रेरित किया गया। कॉन्क्लेव में विद्यार्थियों को टीईक्यूआइपी-3 परियोजना के तहत उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करने तथा उनके अभिनव विचारों को सार्थक व्यवसाय में परिवर्तित करने के लिए मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया।

कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र में हरियाणा विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू मुख्य अतिथि रहे। सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने की। फरीदाबाद लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष राजीव चावला, मेलको इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेश वीके मलिक तथा टैक्समन पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के हेड टैक्सेशन आदित्य सिंघानिया सत्र में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन द्वारा हुआ।

एलुमनी व कारपोरेट अफेयर सेल के निदेशक डॉ.संजीव गोयल ने एमएसएमई कॉन्क्लेव के बारे में जानकारी दी। प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि यह प्रसन्नता का विषय है कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी लघु एवं मध्यम उद्योगों में रुचि ले रहे है तथा फरीदाबाद के औद्योगिक विकास में वाईएमसीए के विद्यार्थियों की अहम भूमिका रही है। औद्योगिक- अकादमिक के बीच अंतराल को भरने पर बल देते हुए कुलपति ने कहा कि लघु व मध्यम उद्योगों की जरूरतों पर चर्चा करने की आवश्यकता है और इस क्षेत्र में प्रभावी योगदान देने के लिए शिक्षण संस्थानों को पाठ्यक्रमों में बदलाव की आवश्यकता है ताकि विद्यार्थियों को रोजगार योग्य बनाया जा सके। इस अवसर पर स्टार्ट अप को लेकर विद्यार्थियों के नवीनतम विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों से नए व्यवसायों को लेकर उनके विचारों को पोस्टर प्रजेंटेशन के माध्यम से आमंत्रित किया गया था। प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार अभिषेक कुमार, मनोज कुमार व पुष्पेंद्र की टीम के इलेक्ट्रो साइंसिस प्रोजेक्ट को मिला। इसी प्रकार, सस्टेनेबल सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंटज तथा सिग्नल आन व्हील प्रोजेक्ट्स को क्रमशः दूसरा व तीसरा पुरस्कार दिया गया। कॉन्क्लेव के समापन पर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

**प्रेरणादायक**

- वाईएमसीए विश्वविद्यालय में एमएसएमई कॉन्क्लेव-2018 का आयोजन
- विद्यार्थियों को नए बिजनेस आइडिया पर काम करने के लिए किया प्रेरित